लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

लोक सभा अध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी

नई दिल्ली, 14 अगस्त 2019: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर , श्री बिरला ने कहा : "मैं स्वतंत्रता दिवस के हर्षोल्लास से भरे इस अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। यह दिवस हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदानों की याद दिलाता है जिन्होंने ब्रिटिश शासन से हमारे देश की आज़ादी के लिए संघर्ष किया था और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। यह एक ऐसा अवसर है जब हम अपने बहादुर सैनिकों के पराक्रम को नमन करते हैं जो किसी भी आक्रमण से हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं और हमारी अमूल्य स्वतंत्रता की रक्षा कर रहे हैं। मेरी कामना है कि यह दिवस सभी नागरिकों के जीवन में और अधिक प्रगति , समृद्धि और समरसता लाए। हम यह भी संकल्प करते हैं कि हम सभी खतरों से अपने देश की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करेंगे और कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र निर्माण का कार्य करेंगे ताकि हमारा देश सभी क्षेत्रों में विकास की नई ऊँचाइयों को प्राप्त करे।"

LOK SABHA SPEAKER EXTENDS GREETINGS ON THE OCCASION OF INDEPENDENCE DAY

New Delhi, 14 August 2019: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla has greeted the people on the eve of the Independence Day. On this occasion, Shri Birla said: "I extend my heartiest greetings to the people on the joyous occasion of Independence Day. This day reminds us of the supreme sacrifices made by our freedom fighters who had fought for the freedom of the country from the British rule and even laid down their lives to achieve this end. This is also the time to salute the valor of our brave soldiers who guard the nation's borders from aggression and safeguard our much-valued freedom. May this day bring about even more progress, prosperity and equanimity among all citizens. Let us also resolve that we will all work together to safeguard the freedom, unity and integrity of our country from all threats and collectively strive to achieve the task of nation building so that the country rises to new heights of development in all fields."